# कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन सचिव
# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति,
## जिला-बीजापुर(छत्तीसगढ़)

Office phone no- 07853-220191 E mail – deo.bijapur02@gmail.com

क्रमांक/133 /स्था./उ.अ.मा.स्कूल/संविदा भर्ती/2022-23 बीजापुर, दिनांक 24/03/2023

**-:: विज्ञापन ::-**

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.नया रायपुर का पत्र क्रमांक/स्वा.आ.अं.मा./2021-22/161 रायपुर दिनांक 10.05.2021 तथा समय-समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में **नवीन स्वीकृत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आवापल्ली** के लिए निम्नानुसार अस्थाई रूप से संविदा/प्रतिनियुक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर, जिला बीजापुर, पिन कोड-494444 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करे अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। **आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि दिनांक 24/03/2023 से 05/04/2023 तक कार्यालीयन दिवस एवं समय सांय 05.30 बजे तक होगी। समय अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।**

| स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आवापल्ली | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | पद एवं विषय | पदों की संख्या | आरक्षण | संविदा नियुक्ति का मानदेय | प्रतिनियुक्ति की स्थिति में देय वेतन | योग्यता |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | कम्प्यूटर शिक्षक | 1 | अनारक्षित | 35400.00 | प्रतिनियुक्ति नियम के अधीन | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ बी.ई. (कंप्यूटर)/बी.एस.सी. (कम्प्यूटर) / बी.टेक.(कम्प्यूटर ) या एम.सी.ए.(कम्प्यूटर)/एम.एस.सी.(कम्प्यूटर) की उपाधि अनिवार्य। |

**1. रिक्त पदों की संख्या घट बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।**

**चयन प्रक्रिया :-**

1. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। शासन के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
2. चयन प्रक्रिया में न्यूनतम योग्यता के अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर अभ्यार्थियों का चयन साक्षात्कार आदि के माध्यम से किया जायेगा।
3. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।

**नियम व शर्ते :-**

1. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
2. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेगें।
3. विज्ञापन के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
5. अन्य कर्मचारियों की भांति इन कर्मचारियों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होंगा। जिसके लिये अतिरिक्ति मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
6. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नहीं दी जावेगी।
7. संविदा मानदेयः- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
8. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

9. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगां आवेदन पत्र के साथ फोटो, 10वीं(जन्म प्रमाण पत्र), 12वीं, जाति, निवास,अनुभव एवं विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची-स्व-प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्व-प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा। तथा इसकी सूचना नहीं दी जावेगी।
10. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य के राजस्व जिला बीजापुर का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा बीजापुर जिले से जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
12. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
13. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2024 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
14. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक-31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्ते लागू होगी।
15. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
16. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचारण) नियम 1965 से शासित होंगे।
17. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा तीन माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में तीन माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
18. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
19. संविदा कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
20. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
21. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।
22. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति आवापल्ली को होगा।
23. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**"समिति द्वारा अनुमोदित"**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वा.आ.उ.अं.मा.विद्यालय संचालन समिति
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–बीजापुर (छ.ग.)
## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय–आवापल्ली, जिला–बीजापुर
### संविदा/प्रतिनियुक्ति पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदित शाला का नाम – स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आवापल्ली**

**आवेदित पद का नाम एवं विषय – कम्प्यूटर शिक्षक**

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–बीजापुर

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)* – ..................................................
   (अंग्रेजी मे)* – ..................................................
2. पिता/पति का नाम* – ..................................................
3. जन्मतिथि अंको में* – ..................................................
   (शब्दो में) * – ..................................................
4. आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में* ..................दिन......................माह.....................वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है* – हॉ ☐ नहीं ☐ हॉ तो जिला का नाम– ..................................
7. **शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –**

| क्र. | परीक्षा का नाम (परीक्षा का विवरण कक्षा 8वीं से अंकित करेंगें) | शिक्षा माध्यम हिन्दीं/अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | |

**8.छत्तीसगढ़ राज्य शासन में शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम,निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण*–**

| क्र. | नियोक्ता विभाग/ संगठन का नाम | संस्था/ प्रतिष्ठान का नाम जहॉं कार्य किया /कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/ स्थायी/ संविदा/अन्य) | मसिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

टीप *:– आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी, जॉच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

टीप*:– आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी/पत्राचार/ई–मेल/SMS के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं WhatsApp मोबाईल नंबर अंकित करें।

***निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें । यदि जानकारी हॉ में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।**

9. **पत्र व्यवहार का पूर्ण पता*** – ..........................................................................................

..........................................................................................

जिले का नाम–..............................................पिन कोड–..............................................

(STD) कोड...........................लैड लाईन नंबर..............................................

मोबाईल नंबर..........................................................................................

ई मेल आई.डी..........................................................................................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएँ है– हॉ ☐ नहीं ☐
11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक दिनांक सहित*–
    नाम.............................. जीवित पंजीयन क्रमांक .............................................. वैधता दिनांक..............................
12. जाति (अजजा/अजा/अपिव/अना)* –..........................................................................................
13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची* –
    1. 5वीं/8वीं/10वीं/12वीं की अंकसूची ( आयु के सत्यापन के संबंध में 10वीं/अन्य की अंकसूची)*
    2. अनुभव प्रमाण पत्रा (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)/अनापत्ति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)*
    3. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र*
    4. मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)*
    5. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र(जीवित रोजगार पंजीयन अनिवार्य)*
    6. डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड./बी.लिब./बी.पी.एड./स्नातक/स्नातकोत्तर आदि (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं)*

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम** ..............................

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉ पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :– ..............................

दिनांक :– ..............................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम** ..............................